संख्या-72/1162/78-1-2013-27इले0/97टीसी

प्रेषक,

निर्मला श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यूपीडेस्को,
लखनऊ ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक 19 दिसम्बर, 2013

षय:- श्री आत्म प्रकाश शुक्ल, सलाहकार आई0टी0 एवं इले0 विभाग शासन को अनुमन्य मानदेय/भत्तों आदि का भुगतान कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2187, दिनांक 24-10-2013 जिसके द्वारा मा0 सलाहकार महोदय को निगम द्वारा भुगतान किये जा रहे मानदेय/भत्ते आदि को वर्ष 13-14 हेतु अनुपूरक बजट में प्राविधान कराते हुए रू0 25,80,000/- की प्रतिपूर्ति किये जाने का अनुरोध किया गया है का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें,

2- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-बी-2-1964/दस-2013-244/2013 दिनांक 27 सितम्बर, 2013 द्वारा उ0प्र0 सचिवालय के विभागों में नामित मा0 सलाहकारों के मानदेय एवं अन्य सुविधाओं का भुगतान सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निगम द्वारा मा0 सलाहकार को वेतन/भत्तों के मद में भुगतान की गयी धनराशि से सम्बन्धित बिल शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। कृपया यह सुनिश्चित कर लिया जाय बिल उसी तिथि से होने चाहिए जिस अवधि में श्री शुक्ल को आई0टी0 एवं इले0 विभाग में मा0 सलाहकार नामित किया गया है।

भवदीया,

(निर्मला श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanades.up.nic.in